संक्षिप्त समाचार

बिलोंदी पुल से फिडोगी-धनोल्टी तक पांच किमी सड़क मंजूर

थत्यूड़ (टिहरी), एजेंसी। धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने बताया कि सरकार ने बिलोंदी पुल से फिडोगी-धनोल्टी तक पांच किमी सड़क निर्माण के लिए हरी झंडी दे दी है। 369.94 लाख से सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के लोग उत्साहित हैं। सड़क के निर्माण से दसज्यूला और पालीगाड पट्टी के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि लोनिवि के अपर सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल की ओर से बीते 16 दिसंबर को इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। बिलोंदी पुल से फिडोगी-धनोल्टी तक सड़क निर्माण और डामरीकरण कार्य पूरा होने से दसज्यूला और पालीगाड पट्टी के गांवों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के लोग लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। सड़क निर्माण के बाद क्षेत्र के लोगों को धनोल्टी तहसील, ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ के साथ जिला मुख्यालय नई टिहरी पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। जिससे उनका समय और धन दोनों की बचत होगी। विधायक ने लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ के अधिकारियों से शीघ्र सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया कर कार्य शुरू करने को कहा है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश चौहान, सोबत रावत, वीरेंद्र चौहान, जयप्रकाश नौटियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार, कृपाल रावत, सुनील भट्ट ने सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर खुशी जताते हुए प्रदेश सरकार और विधायक पंवार का आभार जताया है।

नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का करें अध्ययन : डीएम

नई टिहरी, एजेंसी। डीएम मयूर दीक्षित ने निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक ली। चुनाव के सफल संचालन के लिए निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन करने को कहा। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के ईओ को अपने-अपने सभी बूथों को चेक कर संबंधित एसडीएम को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती महिला मतदाताओं को केंद्रों तक पहुंचाने के लिए व्हील चेयर और स्वयंसेवकों की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने जिलास्तर पर एक पिंक बूथ बनाने, सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त करने, संवेदनशील, अति संवदेनशील मतदान केंद्रों की सूची का अंतिम निरीक्षण करने, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती, निर्वाचन सामग्री की दरें, सूची के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एएसपी जेआर जोशी, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, डीडीओ मो. असलम, पीडी डीआरडीए पीएस चौहान, एसई लोनिवि मनोज बिष्ट, एडीईओ निर्वाचन विजय तिवारी, एडीईओ पंचस्थानीय कंवरजीत कौर आदि मौजूद थे।

दावेदारों के मन को टटोलने में जुटी भाजपा-कांग्रेस

श्रीनगर, एजेंसी। नगर निगम चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। भाजपा, कांग्रेस की ओर से नगर क्षेत्र में मेयर व पार्षद पद के दावेदारों से राय ली जा रही है। इस दौरान दोनों पार्टियां निकाय चुनाव को लेकर सक्रिय रहने व चुनाव प्रचार तेज करने को लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर रही है। बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी हेतु नगर क्षेत्र में बैठक आयोजित कर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, थराली विधायक भोपाल राम टम्टा व नेहा जोशी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करने वाले दावेदारों से रायशुमारी ली।

जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने दी धरने की चेतावनी

श्रीनगर, एजेंसी। मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई न होने पर उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि अगर 31 दिसंबर तक मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो एक जनवरी को महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बृहस्पतिवार को उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ शाखा देवप्रयाग की बैठक बागवान पंप हाऊस में आयोजित हुई। बैठक में श्रमिक संघ के प्रांतीय महामंत्री मंगलेश लखेड़ा ने कहा कि मुख्य महाप्रबंधक जल संस्थान कार्यालय देहरादून ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

यात्रा शुरू हुई तो वाहन से कैलाश मान सरोवर जा सकेंगे श्रद्धालु, ऐसे जगी उम्मीद

पिथौरागढ़, एजेंसी।
चीन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई सकारात्मक बातचीत से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने की उम्मीद जग गई है।

चीन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई सकारात्मक बातचीत से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने की उम्मीद जग गई है। यदि यात्रा शुरू होती है तो यह पहली बार होगा जब कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु वाहन से ही पूरी यात्रा कर सकेंगे। यात्रियों को कठिन रास्तों से होते हुए पैदल नहीं चलना पड़ेगा।

तिब्बत स्थित कैलाश मानसरोवर की यात्रा हिंदुओं की प्रमुख धार्मिक यात्रा है। वर्ष 1962 से पहले भारत से श्रद्धालु बिना रोकटोक सदियों से चली आ रही इस धार्मिक यात्रा पर जाते थे। भारत-चीन युद्ध के बाद यह यात्रा 19 साल तक बंद रही। दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार के बाद वर्ष 1981 में यात्रा दोबारा शुरू हुई।

कुमाऊं मंडल विकास निगम इस यात्रा का संचालन करता है। साल 2019 तक लगातार यात्रा का संचालन हुआ। चीन के साथ सीमा विवाद और कोरोना काल के चलते कैलाश मानसरोवर यात्रा वर्ष 2019 से बंद है। विश्व प्रसिद्ध इस यात्रा के संचालन को लेकर प्रयास चल रहे हैं।

इस साल अक्तूबर में रूस के कजान में भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात से ही यात्रा के संचालन की उम्मीद की जा रही थी। अब चीन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई सकारात्मक बातचीत से तय है कि आने वाले साल में यह प्रसिद्ध धार्मिक यात्रा शुरू हो जाएगी। दिल्ली से शुरू होने वाली इस धार्मिक यात्रा पर जाने के लिए यात्रियों को धारचूला के तवाघाट या घट्टाबगड़ से लिपुलेख तक करीब 95 किमी पैदल चलना होता था। बूंदी, गुंजी, नाभि सहित विभिन्न पड़ावों पर ठहरने के बाद लिपुलेख दर्रे से यात्रियों का दल चीन में प्रवेश करता था। इस तरह कैलाश मानसरोवर यात्रा में 18 दिन का समय लगता था। अब भारत लिपुलेख तक सड़क बना चुका है। चीन ने पहले ही अपनी सीमा पर पक्की सड़क बना ली थी। लिपुलेख तक सड़क बनने के बाद कैलाश मानसरोवर जाने के लिए यात्रियों को पैदल नहीं चलना पड़ेगा और यात्रा कम समय में पूरी हो जाएगी। वर्ष 1981 से कुमाऊं मंडल विकास निगम ने 2019 तक कैलाश मानसरोवर यात्रा का सफल संचालन किया है। पिथौरागढ़ जिले से ही कैलाश का पौराणिक मार्ग है। यात्रा पौराणिक मार्ग से ही संचालित की जानी चाहिए। यदि भविष्य में यात्रा शुरू होती है तो सीमांत जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

छह माह में पुलिस नहीं बनवा पाई दीवार, न ही मिला इंसाफ

रूड़की, एजेंसी। कोतवाली के चक्कर काटने को मजबूर है पीड़ित बुजुर्ग पुलिस की कथनी और करनी में अंतर से आम आदमी का विश्वास उठता जा रहा है। इसकी एक बानगीभर हैं बुजुर्ग सुंदर। कुछ दबंगों ने उनकी घर की दीवार गिरा दी। विरोध किया तो बुजुर्ग और परिवार से मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों में लिखित में सुलह करा दी और भरोसा दिया कि दीवार बनेगी लेकिन छह माह बाद भी दीवार नहीं बन पाई है। पीड़ित कोतवाली के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव जौरासी निवासी सुंदर ने बताया कि 18 जुलाई को वह और उनका बेटा घर से बाहर गए थे। इस बीच कुछ दबंगों ने उनकी घर की दीवार तोड़ डाली। उन्होंने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उनके और बेटे के साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी। पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया था। बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनपर दबाव बनाकर दूसरे पक्ष से लिखित में समझौता कराया था और भरोसा दिलवाया था कि दीवार जैसी पहली थी वैसी ही बनाई जाएगी। उस बात को छह माह बीत चुके हैं लेकिन दीवार नहीं बन पाई है। वह दीवार बनाने का प्रयास करते हैं तो दबंग विरोध कर धमकी दे रहे हैं। दीवार बनाने के लिए वह छह माह से कोतवाली के चक्कर काट रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

छात्रों ने किया समाजशास्त्र व समाज कार्य विभाग का भ्रमण

श्रीनगर, एजेंसी। जवाहर नवोदय विद्यालय जाखधार के छात्रों ने गढ़वाल विवि के समाजशास्त्र व समाज कार्य विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विभाग के शोध छात्रों ने अपने शोध विषयों के अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया। पीपीटी के माध्यम से छात्रों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। शिक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में जवाहर नवोदय विद्यालय जाखधार के छात्र गढ़वाल विवि के समाज कार्य विभाग पहुंचे। विभागाध्यक्ष प्रो. किरन डंगवाल ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों को नए अनुभव सीखने के अवसर मिलते हैं, विद्यालय की ये पहल सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रो. जेपी, डॉ. नरेंद्र चौहान ,शोध छात्र अंकित उछोली, राजेंद्र बिष्ट, अतुल सती, लूसी कुमारी, सोनम ठाकुर समेत नवोदय विद्यालय जाखधार के छात्र मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड के चलते सूखाताल में अब तक पूरी तरह नहीं पिघली बर्फ

नैनीताल, एजेंसी।
नैनीताल में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सूखाताल में नौ दिसंबर को गिरी बर्फ अभी तक पूरी तरह से नहीं पिघल पाई है। हालांकि दोपहर में धूप खिलने से राहत है।

नैनीताल में इन दिनों कड़ाके की ठंड के चलते लोग अलाव, हीटर और ब्लोअर का सहारा ले रहे हैं। सुबह-शाम ठंड इतनी तेज है कि सूखाताल क्षेत्र में नौ दिसंबर को गिरी बर्फ अभी तक नहीं पिघल पाई है। पालिका ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि इन दिनों आठ स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। क्रिसमस के बाद थर्टीफर्स्ट तक 25 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी। इधर जीआईसी स्थित



मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी नवीन धूसिया ने बताया कि बृहस्पतिवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

साइबर क्राइम : महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 32 लाख

हरिद्वार, एजेंसी। रुड़की में बैंक से रिटायर्ड महिला शोम्पा मौलिक सेसाइबर ठगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला बताकर पहले डिजिटल अरेस्ट बतायाऔर फिर उससे करीब 32 लाख रुपये ठग लिये।

महिला ने रुड़की पुलिस को बताया कि 14 दिसंबर 2024 को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनके क्रेडिट कार्ड से मुंबई के एक माल से एक लाख 68 हजार रुपये की खरीदारी हुई है।

पीड़िता के आधार कार्ड से कैनरा बैंक मुंबई में एक खाता खोला गया है, जिसमें दो करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। उसके बाद पीड़िता को कहा गया कि उनकी बात वीडियो काल से मुंबई क्राइम ब्रांच से कराई जा रही है। इसके बाद महिला सेदूसरे व्यक्ति ने बात की।

दूसरे व्यक्ति ने कहा कि नरेश गोयल के मनी लांड्रिंग केस में 247 ए.टी.एम. कार्ड और क्रेडिट कार्ड जब्त हुए हैं, जिसमें एक कार्ड आपका भी है। साइबर ठगों ने डराया कि आपके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट है। उसके बाद साइबर ठगों ने गिरफ्तारी का वारंट और कुछ दस्तावेज वाट्सएप पर भेजे। साइबर ठगों ने 14 से 18 दिसंबर तक पांच दिन तक कई लोगों से बात कराई, जो खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच, सी.बी.आइ., सी.बी.आइ. फाइनेंस और ई.डी. के अधिकारी बता रहे थे।

सभी ने पीड़िता को यहीकहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिससे पीड़िता डर गई थी। इस दौरान साइबर ठगों ने खातों की जांच के बहाने महिला के खाते से18 दिसंबर को अपने खातों में 32 लाख 31 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। साइबर क्राइम सी.ओ. अंकुश मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करमामले की जांच की जा रही है।

सिलुड़ी प्राथमिक विद्यालय को मिलेगा नया भवन

नई टिहरी, एजेंसी।
नए शिक्षा सत्र से राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिलुड़ी के छात्र-छात्राओं को सुरक्षित और सुविधाजनक शैक्षणिक माहौल मिलने की उम्मीद जगी है। विद्यालय का पुराना भवन जर्जर होने से पिछले छह सालों से स्कूल का संचालन नागराजा मंदिर परिसर में किया जा रहा था। विद्यालय के नए भवन निर्माण की स्वीकृति छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बड़ी राहत लेकर आई है। भिलंगना ब्लॉक के सिलुड़ी में वर्ष 2000 में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण किया गया था। मरम्मत के अभाव में स्कूल भवन वर्ष 2018 में जर्जर हो चुका था। कक्ष के छतों का सीमेंट झड़ रहा था। जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ गया था, जिससे छात्रों की सुरक्षा को लेकर लगातार खतरा बना हुआ था। जर्जर भवन में पढ़ाई करना छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया था। अभिभावक लंबे समय से विद्यालय भवन निर्माण की मांग कर रहे थे। लंबे समय से प्रतीक्षित नए भवन के निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश सरकार ने सिलुड़ी प्राथमिक विद्यालय निर्माण के लिए 32 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दे दी है। ग्रामीण निर्माण विभाग को विद्यालय भवन निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधानाध्यापक तेज सिंह ने बताया कि विद्यालय में 22 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। नए भवन निर्माण की स्वीकृति हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। छात्रों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

आस्था पथ निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति

देवप्रयाग, एजेंसी। नगर की जनता की वर्षों पुरानी मांग और वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के बाद देवप्रयाग में आस्था पथ के निर्माण के लिए करीब छह करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। ऋषिकेश की तर्ज पर अब देवप्रयाग में गंगा नदी के दाएं किनारे पर पौड़ी मोटर पुल से भागीरथी झूला पुल तक आस्था पथ का निर्माण होना है। सिंचाई विभाग की ओर से इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार को करीब 627.89 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था। इस पर केंद्र सरकार ने पांच करोड़ रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृत प्रदान की है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड शासन सचिव आर राजेश कुमार को इस संदर्भ में पत्र जारी किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.बीएस रावत, रजनीश मोतीवाल, शशी ध्यानी, अतुल जागीरदार, रेखा भट्ट, नीता ध्यानी, सुभा तिवाड़ी ने कहा कि आस्थापथ के निर्माण से देवप्रयाग में तीर्थयात्रियों और स्थानीय निवासियों को काफी लाभ मिलेगा। यह पथ न केवल तीर्थयात्रियों के लिए एक सुविधाजनक मार्ग प्रदान करेगा बल्कि देवप्रयाग की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को भी बढ़ाने के में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नयार नदी पर सिंचाई व रोजगार का नया आयाम स्थापित होगा : पुष्कर सिंह धामी

सतपुली, एजेंसी।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सतपुली में झील समेत 172 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जाएगा। नयान नदी पर सिंचाई और रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे।

सतपुली रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रदेश में नकल माफिया पर शिकंजा कसकर सभी को बराबर मौके मुहैया करवाए जा रहे हैं। धर्मांतरण और लैंड जेहाद पर प्रदेश में कड़े कानून बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गत 9 नवंबर के संबोधन में उत्तराखंड के फैसलों को देश के लिए नजीर बताया। कहा कि सतपुली में नयार नदी पर झील निर्माण से पेयजल, सिंचाई और रोजगार के नए आयाम स्थापित करेगी। सतपुली झील क्षेत्र के पर्यटन विकास में मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग सिंगटाली पुल की डीपीआर भी तैयार की जा रही है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पूर्व में नयार में आई भयावह बाढ़ के कारण सतपुली पर लोकगीत बना था। अब सतपुली को झील और पर्यटन के लिए जाना जाएगा। क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए कई योजनाएं गतिमान है। जिनके पूरा होने पर क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया जा सकेगा। इस मौके पर लैंसडौन के विधायक दिलीप रावत, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, डीएम डॉ आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, सीडीओ गिरीशचंद्र गुणवंत, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र अणथ्वाल, भाजपा कोटद्वार जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, पौड़ी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अंजना वर्मा, क्षेत्र पंचायत जयहरीखाल के प्रशासक दीपक भंडारी, द्वारीखाल ब्लॉक के प्रशासक महेंद्र राणा, कल्जीखाल प्रशासक बीना राणा समेत भाजपा के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। सभा का संचालन शैलेन्द्र दर्शन सिंह ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल की विकास पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में धुंध के कारण वह कार से मेरठ और वहां से हेलिकॉप्टर से यहां पहुंचे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं, जो उत्तराखंड में रहते हैं। दिल्ली में कल का प्रदूषण स्तर 480 था। सीएम ने 123 करोड़ 53 लाख की 4 योजनाओं का शिलान्यास व 49 करोड़ 12 लाख की 20 योजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमे 56 करोड़ की लागत से बनने जा रही सतपुली झील का शिलान्यास मुख्यत= शामिल है। विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज भरोलीखाल व बीरोंखाल में नवीन भवन निर्माण, विकासखंड एकेश्वर व कल्जीखाल के मध्य पश्चिमी नयार नदी पर पाटीसैण व असवालस्यूं के मध्य मोटर पुल, विकासखंड एकेश्वर मुख्यालय में मिनी स्टेडियम, रवांसा नदी के ऊपर निर्मित पीपलडोंगा पुल से 500 मीटर ऊपर की ओर बैराज का निर्माण, ताड़केश्वर महादेव में पुलिस चौकी की स्थापना।

किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष पद के आरक्षण का नोटिस प्रकाशित करने के निर्देश

नैनीताल, एजेंसी।
हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा अन्य पालिकाध्यक्ष पदों के प्रस्तावित आरक्षण के साथ किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष पद के आरक्षण का प्रकाशन न करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष पद के आरक्षण का नोटिस प्रकाशित करने व प्रदेश की सभी 44 नगर पालिका अध्यक्षों के प्रस्तावित आरक्षण पर एक साथ आपत्ति सुनने के निर्देश दिए हैं।कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार किच्छा निवासी नईमूल हुसैन व संतोष रघुवंशी ने हाईकोर्ट

में याचिका दायर कर कहा था कि सरकार ने 14 दिसंबर को प्रदेश के 43 नगर पालिका अध्यक्ष पदों के लिए प्रस्तावित आरक्षण की अधिसूचना जारी कर उसमें आम जनता से आपत्तियां मांगी। लेकिन इस अधिसूचना में किंच्छा नगर पालिका अध्यक्ष के आरक्षण का उल्लेख नहीं था। जिससे यह आशंका है कि सरकार वहां नगर पालिका चुनाव टालना चाहती है। इसके अलावा आरक्षण आवंटन नियमावली के अनुसार पालिका अध्यक्ष के जितने भी पद होंगे उसी के अनुसार रोस्टर के आधार पर आरक्षण निर्धारित होगा। लेकिन वर्तमान में सरकार ने 43 पालिका अध्यक्ष पदों के आधार पर ही रोस्टर तय किया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार सरकार ने पूर्व में किच्छा नगरपालिका के कुछ वार्ड गांवों में मिला दिए थे। जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी । जिसके बाद सरकार ने इन क्षेत्रों को पुनः नगर पालिका में मिला दिया। लेकिन अब वहां नगर पालिका के चुनाव टालने की कोशिश की जा रही है।

सीएम पोर्टल में शिकायत के बाद लोनिवि ने होटल स्वामी को भेजा नोटिस

लैंसडौन, एजेंसी। लैंसडौन-फतेहपुर मार्ग पर जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत गोयूं गांव में यूपी के मेरठ निवासी एक व्यक्ति द्वारा बनाया गया एक होटल इन दिनों चर्चाओं में है। सीएम पोर्टल में शिकायत होने के बाद लोनिवि लैंसडौन के अधिशासी अभियंता ने होटल स्वामी को नोटिस जारी कर संबंधित भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। वहीं एसडीएम ने भी मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।

मेरठ निवासी संजीव कुमार ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में दर्ज शिकायत में कहा कि मेरठ निवासी रोमेश नोरिया ने लैंसडौन-फतेहपुर मार्ग पर गोयूं गांव की खाता खतौनी संख्या 17 की भूमि में अतिक्रमण कर होटल बना लिया है। मानकों के अनुसार सड़क किनारे से 5 मीटर की दूरी पर भवन निर्माण किया जाना चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग की अनुमति भी जरूरी है, लेकिन उक्त व्यक्ति ने बिना विभागीय अनुमति के नियमों को ताक पर रखकर अतिक्रमण कर होटल का निर्माण कराया है। वहीं होटल स्वामी रोमेश नोरिया ने बताया कि वर्ष 2022 में उनके द्वारा लोनिवि को एनओसी के लिए पत्र लिखा गया था। उनका जबाब नहीं मिलने पर उन्होंने जिला पंचायत से नक्शा पास करवाकर होटल का निर्माण कार्य शुरू करवाया जो कि नियमानुसार है।

संजीव कुमार द्वारा लैंसडौन-फतेहपुर मार्ग पर बन रहे होटल को लेकर सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है।